तापमान
अधिकतम 27 .3 डिग्री
न्यूनतम 10 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 फरवरी 2025

11 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया...

12 डीसी ने नागरिक अस्पताल का किया औचक...

## खबर संक्षेप

### आजाद प्रत्याशी को कारण बताओ नोटिस

**अंबाला।** कैंट नगर परिषद के वार्ड 25 के आजाद प्रत्याशी आशीष पासी द्वारा धार्मिक स्थल खेड़े में वोट मांगने का वीडियो वायरल हुआ है। एसडीएम अंबाला कैंट की तरफ से सोमवार को कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया है। 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया है। दरअसल, चुनाव के नजदीक आते हुए प्रत्याशियों द्वारा प्रचार प्रसार पर जोर दिया जा रहा है। मतदाताओं की रिझाने के लिए डोर टू डोर के साथ- साथ बैठकें कर रहे हैं। एसडीएम ने जारी नोटिस में पासी को जल्द जवाब देने के आदेश दिए हैं।

### युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। युवती यहां पर अपनी बहन के पास रहती थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय साली उसके पास उनके घर पर रहती थी। 21 फरवरी को उसकी साली किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

### बाइक सवार युवक ने महिला से छीना बैग

**यमुनानगर।** शहर के वर्कशॉप रोड पर देर शाम बाजार से घर जा रही महिला से बाइक सवार युवक ने कैरी बैग छीन लिया। कैरी बैग में नौ सौ रुपये, मोबाइल व अन्य सामान था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामले की जांच अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौधरी कॉलोनी निवासी मोनिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार शाम बाजार में किसी काम से आई थी।

### हुक्का बार पर प्रतिबंध उल्लंघन पर कार्रवाई

**करनाल।** मंडल आयुक्त राजीव रतन ने शहरी क्षेत्र में संचालित हुक्का बार पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी कड़ी में जिला के शहरी क्षेत्रों में हुक्का बार पर व्यापक प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमित निरीक्षण, उल्लंघन के लिए दंड का सख्त प्रवर्तन और हुक्का धूम्रपान के खतरों के बारे में शिक्षित करने के लिए अभियान शामिल किए गए।

# माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान विद्यार्थी का नैतिक कर्तव्य : आचार्य देवव्रत

## गुरुकुल के छात्रों को आचार्य देवव्रत ने दिए जीवनोपयोगी सूत्र, ईमानदारी से कड़े परिश्रम के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत का छात्रों के मध्य ओजस्वी व्याख्यान हुआ जिसमें आचार्यश्री ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता हेतु पूरी ईमानदारी से परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा आचार्यश्री को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित सभी अध्यापक एवं संरक्षकगण मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया।

- 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा आचार्यश्री को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया।

**सम्मान**

कुरुक्षेत्र। छात्रों को सम्मानित करते गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत। फोटोः हरिभूमि

**बच्चों को संस्कारवान बनाया जा रहा**

आचार्यश्री ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से यह अपेक्षा होती है कि वे बुढ़ापे में उनकी सेवा करे, समाज में उनका मान सम्मान बढ़ाए। इसी आशा के साथ अभिभावक अपने बच्चों को गुरुकुलों में भेजते हैं, जहां बच्चों को सही मायने में संस्कारवान बनाया जा रहा है। विद्यार्थियों का यह नैतिक कर्त्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और गुरुओं का हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि 9वीं से 12वीं कक्षा के दौरान छात्रों में शारीरिक बदलाव आते हैं, इस दौर में बच्चे दिमाग से कम और दिल से ज्यादा निर्णय लेते है जो कई बार उनके भविष्य के लिए सही साबित नहीं होते। विद्यार्थियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए क्योंकि विनम्रता से ही विद्या आती है। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे दुनिया की चकाचौंध से भ्रमित होकर अपने जीवन के लक्ष्य से भटक जाते है।

**गुरुकुलीय शिक्षा भटकाव से रोकती है**

गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति इसी भटकाव से छात्रों को रोकती है, गुरुकुल के संस्कार ब्रह्मचारी को गलत आदतें, गलत संगत से बचाकर एक सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं जिससे वो देश, समाज की उन्नति में सहायक बने। आचार्यश्री ने कहा कि विद्या, ताकत और धन यही सही हाथों में हो तो उसका सदुपयोग होगा और यदि ये तीनों गलत हाथों में चले जाएं तो विनाश का कारण बनते हैं। रावण, कंस, दुर्योधन सहित ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास भी ज्ञान था मगर उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग अपने स्वार्थ हेतु दूसरों को नुकसान पहुंचाने में किया, इसके विपरीत श्रीकृष्ण, श्रीराम चन्द्र आदि महापुरुष हुए जिन्होंने अपने ज्ञान से समाज का कल्याण किया। आज दुनिया श्रीकृष्ण और श्रीराम को श्रद्धा से स्मरण करती है जबकि रावण, कंस, दुर्योधन आदि का नाम भी कोई सम्मान से नहीं लेता। इसलिए जीवन में उन्नति के लिए हमेशा बड़ो का सम्मान करो, पुस्तकों से प्रेम करो और समय के एक-एक क्षण का सदुपयोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में करो।

## यमुनानगर: एजेंट ने बेटे को थाइलैंड भेजने की बजाए भेज दिया लाओस

# पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान दंपत्ति ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

- लोगों ने दंपत्ति को आत्मदाह करने से रोका
- वहां पर लड़के को किडनैप कर मांगी रंगदारी
- बेटा घर वापस आया तो आरोपियों के खिलाफ पुलिस में दी शिकायत, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय के सामने सोमवार सुबह दंपत्ति ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मगर लोगों ने दंपत्ति को ऐसा करने से रोका। पीड़ित दंपत्ति पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने से परेशान था। पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने के बाद भी उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि दंपत्ति ने ऐजेंट के माध्यम से अपने लड़के को थाईलैंड भेजा था। मगर ऐजेंटों ने उसके लड़के को थाईलैंड न भेजकर लाउस भेज दिया। जहां पर उसके लड़के को कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया। छोड़ने के नाम पर पैसे की डिमांड की गई। बेटे को बचाने के लिए दंपत्ति ने किडनेपरों को दो बार पैसे भेजे। जिसके बाद उसके लडके को छोड़ा गया। जब लड़का घर लौटा तो उसने आरोपी एजेंट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। मगर पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गांव प्रतासगढ़ निवासी कर्मवीर व उसकी पत्नी रेखा ने बताया कि उन्होंने अपने 21 वर्षीय बेटे प्रीत को कुछ माह पहले तीन एजेंट के जरिये थाईलैंड भेजा था। लेकिन उन एजेंटों ने उसके लड़के को थाईलैंड न भेजकर उसे लाउस भेज दिया। जहां पर उसका कुछ अपराधिक किस्म के लोगों द्वारा उसके लड़के का अपहरण कर लिया गया और उसे टॉर्चर किया गया। आरोपी किडनेपरों ने उसके लड़के को छोड़ने के लिए पैसों की डिमांड की। जिस पर उसने आरोपियों द्वारा दिए गए अकाउंट में 50 हजार रुपये भेज दिए। मगर आरोपियों ने फिर से उसके बेटे का वीडियो बनाकर भेजा। उसने फिर से आरोपियों के अकाउंट में 65 हजार रुपये जमा करवाए।

बाद में आरोपियों ने उसके बेटे को रिहा कर दिया। जब उसका लड़का भारत लौटने के बाद घर आया तो उसने इसकी शिकायत यमुनानगर सदर पुलिस थाना में दी। लेकिन पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे परेशान होकर उसने तीन दिन पहले पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई न किए जाने से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दंपत्ति को अपने साथ पुलिस थाने लेकर गई।

यमुनानगर। सचिवालय के सामने आपबीती सुनाता व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

## निकाय चुनाव खत्म होते ही डोमेस्टिक एयरपोर्ट से शुरू होंगी हवाई सेवाएं: विज

- हाल ही में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये की मंजूरी भी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में तैयार डोमेस्टिक एयरपोर्ट से अब हवाई सेवाएं शुरू होने का इंतजार खत्म होने जा रहा है। निकाय चुनाव खत्म होते ही इस एयरपोर्ट से पहली उड़ान भरी जाएगी। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने अंबाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाकर दिया है और इसे बहुत जल्द आचार संहिता हटते ही एयरपोर्ट से विमान सेवा प्रारंभ होगी।

मंत्री ने बताया कि अंबाला छावनी से विमान उड़ाने के लिए बड़ी-बड़ी एयरलाइन ने एविएशन मंत्रालय में अप्लाई तक किया है। उन्होंने जो काम करवाए आप सभी जानते हैं। किसी ने हमारे कामों की 60 सेकेंड में 60 कामों की वीडियो बनाई, जोकि हमारे द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाती है। मगर विपक्षियों द्वारा एक काम भी नहीं किया गया। अंबाला कैंट में बने डोमेस्टिक एयरपोर्ट उड़ान 4.2 के तहत तैयार है। यहां से अंबाला से श्रीनगर के लिए उड़ान भरने के लिए आरसीएस रूट फ्लाईबिंग एयरलाइंस को जिम्मा सौंपा गया है। इस रूट पर जल्द ही विमान उड़ान भरने के लिए तैयार होंगे। इस डोमेस्टिक एयरपोर्ट के लिए निर्धारित मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं, जबकि इसके लिए जेट विंग्स एयरलाइंस ने प्रस्ताव दिया है। हाल ही में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के विकास के लिए 25 करोड़ रुपए की मंजूरी भी मिली है। अंबाला कैंट के डोमेस्टिक एयरपोर्ट को लेकर फिलहाल अंबाला-श्रीनगर-अंबाला के रूट को फाइनल किया गया है। इसके लिए आरसीएस रूट फ्लाईबिंग एयरलाइंस उड़ान के लिए मंजूरी दी है। एयरपोर्ट से अंबाला-लखनऊ-अंबाला सहित अन्य रूट के लिए भी उड़ान शुरू की जानी हैं। फिलहाल जेट विंग्स एयरलाइंस ने अपना प्रस्ताव दिया है, अन्य एयरलाइंस भी प्रस्ताव देगी। इसके बाद ही तय फाइनल होगा कि अन्य रूट के लिए किन एयरलाइंस को यहां से उड़ान भरने की मंजूरी दी जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रूलाहेड़ी के पास ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मुगलवाली निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव रूलाहेड़ी निवासी 41 वर्षीय मांगेराम रविवार शाम को अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर सड़क पर बाइक लेकर निकला तो तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने मांगेराम की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मांगेराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके पर कुछ देर रुकने के बाद वहां से भाग गया।

### दो बाइको की टक्कर में युवक की मौत दो लोग घायल

**समालखा।** समालखा में नेस्ले रोड पर दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में एक ही बाइक पर सवार वीर कुमार, आदित्य व अक्षय निवासी गांव बसाडा जिला पानीपत घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों बाइक से नीचे गिर गए। नीचे गिरने पर तीनों को चोट लग गई। जिसमें वीर कुमार ज्यादा गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन-फानन में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस जाचं में जुट गई।

**महाकाल की तर्ज पर धर्मनगरी में निकली भोले की बारात**

**झांकियों ने मोहा** : मेरे भोले की बारात का विशेष आकर्षण बारात में शामिल झांकियां रही। इनमें भोलनाथ की बारात की अगुवाई कर रही राम जी की सेना, बर्फ का शिवलिंग, अघोरी नृत्य, लुधियाना की रंगोली और रंगीन आतिशबाजी ने सबका मन मोह लिया।

### घायल को उपचार का खर्च नहीं दिया, केस

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि के स्टेडियम के पास खेतों की तरफ से आई तेज रफ्तार ईको ने बाइक सवार रोहित निवासी गांव कवि को करीब एक माह पहले टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं, घटना के बाद ईको ड्राइवर अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचा और रोहित से पुलिस में केस दर्ज नहीं करने की गुहार लगाते हुए इलाज और बाइक का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। दोनों पक्षों में सहमति बन गई और इलाज शुरू हो गया, लेकिन बाद में ईको ड्राइवर खर्च देने से मुकर गया।

## शहीद उधम सिंह राजकीय कॉलेज मटक माजरी इंद्री में कार्यक्रम, बोले गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज

# श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाएं मनोविज्ञान, भौतिकी व संगीत चिकित्सा का वैज्ञानिक पहलुओं से गहरा जुड़ाव

- भगवद्गीता बेसुर जीवन को संगीतमय बनाती है और गीता का सार सार्वभौमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में संगीत विभाग एवं विज्ञान संकाय द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ वैज्ञानिक परिपेक्ष्य में श्रीमद् भगवद गीता एवं संगीत विषय पर हुआ। यह सम्मेलन ऑफलाइन व ऑनलाइन आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के विद्वानों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं संगीत प्रेमियों ने भाग लिया।

सम्मेलन मे मुख्य अतिथि गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि गीता न केवल आध्यात्मिक ग्रंथ है, बल्कि इसका वैज्ञानिक और संगीत से भी गहरा संबंध है। गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाएं मनोविज्ञान, भौतिकी और संगीत चिकित्सा जैसे वैज्ञानिक पहलुओं से गहराई से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने अपने बताया कि किस तरह भगवद गीता बेसुर जीवन को संगीतमय बनाती है और गीता का सार सार्वभौमिक है। डॉ सुमेधा कटारिया, रिटायर्ड आई. ए. एस. ने बताया कि संगीत का प्रभाव मानव चेतना पर वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है और भगवत गीता के श्लोकों का संगीतमय उच्चारण मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ है।

इसके साथ ही अन्य गेस्ट ऑफ़ ऑनर, वक्तव्य, डॉ रामपाल सैनी द्वारा दिया गया जो कि प्रेरणादायक एवं संगीतमय था। सम्मेलन के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति व महाविद्यालय के प्रोफेसर मौजूद रहें ।

इंद्री। गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते महाविद्यालय के प्रोफेसर।

### कुवि कुलपति ने किया राष्ट्रीय कार्यशाला के ब्रोशर का अनावरण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का विधि प्रकोष्ठ, विधि संस्थान के सहयोग से, 5 मार्च, 2025 को एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के ब्रोशर का अनावरण सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ.वीरेंद्र पाल, 48 कोस तीर्थ समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा के साथ विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अमित लुदरी और विधि संस्थान के उप-निदेशक डॉ. रमेश सिरोही द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विधि संस्थान के संकाय सदस्य एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर शोध पत्र के साथ अकादमिक रूप से योगदान देंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वान भी भाग लेंगे।

**अभिभावकों के नानुकर के बाद भी बच्चे को मिला न्याय**

## पानीपत में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने कुकर्मी को दी सजा

**पानीपत।** थाना सनौली में तीन वर्ष के बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार करने पर 20 मई 2023 को एक जुनाईल के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 व पोक्सो-6 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। यह जुवेनाइल कोर्ट ने 15 वर्षीय पीड़ित के ताऊ का लडक़ा था। इस मामले में पीड़ित बच्चे के माता-पिता ने अपने बयानों में उनके तीन वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार होने की रिपोर्ट थाने में की थी। पुलिस द्वारा दोषी जुवेनाइल पर एफआईआर दर्ज की गई और रिपोर्ट एफएसएल में भेजी गई।

परिणामस्वरूप एफएसएल की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। परन्तु अपने बयानों में पीड़ित के माता-पिता ने अपने ब्यानों को बदलते हुए कहा कि उनके बच्चे के साथ कुछ नहीं हुआ है। जबकि एफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित के साथ अपराध हुआ था। ऐसे में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनित लिम्बा ने बताया कि एफएसएल की रिपोर्ट पर दोषी को सजा सुनाई गई है। जिसमें वह 8 मास की सजा काट चुका है और उसे आने वाले 6 मास के लिए दोषी को प्रोवेशन पर रखा गया है।

कोर्ट ने पीड़ित को न्याय देते हुए हरियाणा सरकार को लिखा है कि पीड़ित को तीन लाख रुपये की राशि 18 साल की उम्र तक उनके खाते में एफडीआर के रूप में जमा की जाए। प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट लिम्बा ने बताया कि ऐसे मामले में बच्चा बहुत छोटा था जोकि अपने न्याय के लिए बयान देने योग्य नहीं था। बच्चे के अभिभावकगणों ने अपने बयानों को बदल दिया जोकि गलत है। ऐसे में कोर्ट ने निर्णय लिया कि पीड़ित जुवेनाइल को न्याय मिले उसके लिए कोर्ट सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## खबर संक्षेप

### सेवादारों ने यमुना के घाटों की सफाई की

**करनाल।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 'अमृत प्रोजेक्ट' के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ।संत निरंकारी मिशन करनाल जोन के जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने बताया कि देशभर में आयोजित हुई 'अमृत प्रोजेक्ट' परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया गया।

### मास कॉम के 2 विद्यार्थी केयूके की मेरिट सूची में

**करनाल ।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के जनसंचार विभाग के 2 विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की ओर से घोषित बीएएमसी पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी ने बताया कि बीएएमसी पांचवें सेमेस्टर की छात्रा नेहा ने 74.4 प्रतिशत अंकों के साथ केयूके की मेरिट सूची में दूसरा स्थान और विवेक ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। डॉ. रेखा त्यागी ने इस शानदार उपलब्धि के लिए जनसंचार विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में उमड़े भक्तजन

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में विजया एकादशी बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

# कांग्रेस ने भाजपा को भ्रष्टाचार पर घेरा, भाजपा बोली कांग्रेस मुक्त हो रहा करनाल

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल

करनाल नगरनिगम चुनावों में कांग्रेस भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर भाजपा को घेर रही हैं। जो मुद्दे कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए त्रिलोचन सिंह कांग्रेस में रहते हुए उठाते थे। उन्ही को अब कांग्रेस के उम्मीदवार उठा रहे हैं। करनाल निकाय चुनाव में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा बन गया है। मनोज वधवा ने पूर्व मेयर पर आरोप लगाते हुए कहा कि 1600 करोड़ की ग्रांट और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में भारी घोटाला हुआ है। उन्होंने दावा किया कि विकास कार्यों पर मात्र 20 प्रतिशत राशि ही खर्च की गई। गोशाला ग्रांट में भी धांधली के आरोप लगे, जिसके



कारण सड़कों पर गायों की हालत जस की तस बनी हुई है। कांग्रेस नेता और थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने इस मुद्दे पर जनता से भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट करने की अपील की। चुनावी सभा में उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि संविधान निर्माता ने देश के हर नागरिक को वोट का अधिकार दिया है और अब जनता को इस अधिकार का प्रयोग कर नई दिशा तय करनी है। इस दौरान मनोज वधवा ने दावा किया कि वर्ष 2013 में जब रेणु बाला गुप्ता मेयर बनी थीं, तो उन्होंने स्वयं डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी संभाली थी। वधवा ने आरोप लगाया कि रेणु बाला ने अपने कार्यकाल में मेयर पद को सिर्फ कठपुतली की तरह निभाया और किसी भी काम में दिलचस्पी नहीं ली। मनोज वधवा ने यह भी दावा किया कि 980 करोड़ रुपए का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और 600 करोड़ की नगर निगम ग्रांट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से नगर निगम को तीन रुपए प्रति गाय के हिसाब से अनुदान दिया जाता है। इस हिसाब से हर महीने लगभग ढाई लाख रुपए और सालाना ढाई करोड़ का अनुदान मिलता है। इसके बावजूद गायें सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं, और यह फंड भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। वही विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कांग्रेस हार को देखते हुए बौखला गई है । इसलिए अनाप-शनाप बयान बाजी कर रही है जबकि सच्चाई यह है कांग्रेस का कुनबा खत्म होने के कगार पर है। करनाल कांग्रेस मुक्त होने जा रहा है पूर्व विधायक बड़े नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं यह सब भाजपा की नीतियों का परिणाम है प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की नीतियां कांग्रेस नेताओं के मन में बस गई है जिसके चलते उनके विचार भी बदल गए हैं। कांग्रेस कुछ भी बोलते रहे लोगों ने भाजपा की शायरी सरकार बनाने का मन बना लिया है। इधर मेयर प्रत्याशी रेनू वाला गुप्ता ने भी कहा भाजपा के शासनकाल में करनाल का बेहतरीन विकास हुआ है स्मार्ट सिटी का दर्जा मिला है करोड़ों रुपए विकास के लिए मिले हैं। कांग्रेसी यह बताएं कि उनके राज में करनाल कैसा था।

### विपक्ष का आरोप दबाव की राजनीति कर रही भाजपा,

कांग्रेस व अन्य आजाद उमदवार भाजपा पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं आप है कि उन्हें वार्डों में प्रचार नहीं करने दिया जा रहा उनके होर्डिंग फाड़े जा रहे हैं उतारे जा रहे हैं उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है समर्थकों पर भी दबाव बनाया जा रहा है। इन आरोप पर विधायक जगमानंद ने अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कानून सबके लिए बराबर है यदि कहीं कोई दबाव की राजनीति कर रहा है या समर्थन पर दबाव बना रहा है कोई भी एक शब्द सामने आकर हमारे सामने अपनी बात रखें हम उसका जवाब देंगे। रही बात होर्डिंग फाड़ने या उतारने की तो यह चुनाव आचार संहिता का मामला है कानून के दायरे में सब कुछ हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग प्रशासन अपना काम कर रहा है यदि कहीं सरकारी या निजी संपत्ति पर भी सत्ता पक्ष या

## जिला स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

# तीसरी में राजनंदिनी, चौथी में शुभम व पांचवीं कक्षा में राशि ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा की अध्यक्षता एवं जिला एफएलएन संयोजक विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता में जिला के सभी खंडों के तीसरी, चौथी एवं पांचवीं कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा और बीआरपी गीता ने निभाई। बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी, अनूप एवं रीतू बत्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी खंडों के प्रथम स्थान पर आने वाले 18 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा में करनाल खंड के गांव घीड़ की

राजकीय प्राथमिक पाठशाला की राजनंदिनी ने पहला, नीलोखेड़ी खंड के गांव जांबा की प्राथमिक पाठशाला की स्मृति देवी ने दूसरा और घरौंडा खंड के गांव कुटेल की राजकीय प्राथमिक पाठशाला की हर्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चौथी कक्षा में इन्द्री खंड के हलवाना स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के शुभम ने पहला, खंड करनाल के नगला फार्म की राजकीय पाठशाला की वर्षा ने दूसरा और खंड नीलोखेड़ी के गांव बोहला खालसा की रीतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पांचवीं कक्षा में नीलोखेड़ी खंड के राजकीय प्राथमिक पाठशाला नीलोखेड़ी -1 की राशि ने पहला, खंड इन्द्री के गांव गोरगढ़ की राजकीय पाठशाला की माही ने दूसरा और खंड निसिंग से राजकीय प्राथमिक पाठशाला, बांसा की छात्रा रीतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी महिन्द्र कुमार का योगदान रहा। इस मौके पर बोलते हुए अरुण कुमार कैहरबा व धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि सुलेख का शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान है।

# निःस्वार्थ भाव से सेवा करने पर मिलती हैं दुआएं : प्रितपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें मेडीटेशन के माध्यम से प्रवचनों के माध्यम से जन-जन का कल्याण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी धरती पवित्र धरती है। राजा कर्ण की धरती है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नु

ने कहा कि परमात्मा शिव कल्याणकारी हैं। वह निराकार हैं। माउंट आबू से पहुंची बहन प्रभा मिश्रा ने कहा कि हमें दुआएं तब मिलती हैं जब हम निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। डायरेक्टर उत्तराखंड राजयोगी भ्राता मेहर चंद ने कहा कि परमात्मा करनकरावन हार है। इस मौके पर दिल्ली से आए गायक अश्वनी सूदन व गौरव सूदन ने शिव के गीतों पर जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर नरेश बराना, श्याम परूथी, आरके राणा, अनिरूद्ध कालरा, दिनेश गुलाटी, बी.वी. चावला, सतीश चावला, रजनीश चोपड़ा, सुजाता अरोड़ा, मुकेश अरोड़ा, सृष्टि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### गांव ब्रास ने वॉलीबॉल में मारी बाजी

**करनाल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र करनाल द्वारा सोमवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का समापन समारोह स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया गया। जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि कार्यक्रम का समापन पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ब्लॉक निसिंग के गांव ब्रास ने बाजी मारी जबकि ब्लॉक नीलोखेड़ी की टीम को द्वितीय स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। टीम प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को ट्रॉफी व टीशर्ट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में करनाल जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। सभी विजेताओं को जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, कोच कृष्ण पाल, राजेंद्र व बलजिंदर, और कार्यक्रम सहायक पंकज गौड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में युवा स्वयंसेवकों आशीष, सागर, राहुल, दिव्या, रंजना, रवीना, और शुभम इत्यादि का सहयोग रहा।

# दिनेश गुलाटी ने अटल पार्क में योगाभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत अटल पार्क सेक्टर नौ में दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया। जिस में उपस्थित योग साधकों ने सभी योग क्रियाएं कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

इस कक्षा की शिक्षिका शिवानी कंबोज और अन्य साधकों ने सर्वप्रथम यौगिक क्रियाएं और आसन का अभ्यास किया। दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम की विधिपूर्वक शिक्षा दी और बताया कि प्राणायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते

हैं। स्मरण शक्ति में सुधार होता है। रक्त का संचरण होता है योग के जरिए ना सिर्फ बीमारियों का निदान किया जा सकता है बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों व व्याधियों को दूर किया जा सकता है। इस दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग और प्राणायाम खुद को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर साधन है। और हमें प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में पहला सुख निरोगी काया है यदि हम स्वस्थ होंगे तभी हम अपने परिवार और समाज को स्वस्थ कर पाएंगे। इसके लिए लोगों को अपनी सोच और मानसिकता बदलनी होगी और योग को प्राथमिकता देकर अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा।

# सीखने का कोई भी मौका न छोड़ें: कुकरेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आर्य केंद्रीय सभा करनाल द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जन्म जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में यह पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाए जा रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ संसार के श्रेष्ठतम कर्म देव यज्ञ से हुआ।

यज्ञ ब्रह्मा आर्य जगत के यशस्वी विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी, पुरोहित शिव प्रसाद,निर्मल शास्त्री, जयेंद्र शास्त्री,धर्मप्रकाश शास्त्री,राजीव आर्य द्वारा यज्ञ करवाया गया तथा सभी ने यजमानों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया

गया। आर्य जगत के प्रसिद्ध भजनोपदेशक संदीप गिल ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से सभी को मंत्र मुग्ध करते हुए झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि कपिल अत्रेजा मेंबर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कहा कि महर्षि दयानंद का आगमन आर्य जाति के लिए मील का पत्थर बना। महामंत्री स्वतन्त्र कुकरेजा ने कहा कि आप बच्चे ही इस देश का भविष्य हो आप को सीखने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना है। आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आनंद सिंह आर्य ने श्रोताओं का आभार एवं धन्यवाद किया। देवस्थली गुरुकुल हिमाचल प्रदेश के संस्थापक विवेक चैतन्य जी के साथ आए 6 वर्षीय ब्रह्मचारी देवेन ने अष्टाध्य के मंत्र और गणित के सूत्र सुना कर सब को अचंभित कर दिया । निर्णायक मंडल की भूमिका आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी, शशि आर्या और श्रुति कंबोज ने निभाई। इस अवसर पर मुख्यरूप से वी एन हांडा, राधेश्याम डूडेजा, अनिल आर्य,बलदेव आर्य,राकेश वर्मा, सतीश गुप्ता, वेदरतन आर्य,हिमांशु आर्य, तरुण आर्य , बलबीर आर्य,विनोद राणा,अमर सिंह,विक्रमजीत सिंह एवं सभी प्रतिभागी स्कूलों के अध्यापक उपस्थित थे।

### भाषण प्रतियोगिता में आक्षिका अव्वल

बालसंस्कार सम्मेलन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन सुरजीत सुभरी द्वारा किया गया। भाषण प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे कनिष्ठ वर्ग में प्रथम आक्षिका टैगोर बाल निकेतन , द्वितीय प्रेम डिवाइन पब्लिक स्कूल , तृतीय नेहा विद्योतमा पब्लिक स्कूल एवं तृतीय जरीन विजेता पब्लिक स्कूल। वरिष्ठ वर्ग प्रथम दक्ष चौधरी गुरुकुल नीलोखेड़ी , दितीय ऋचा विजेता पब्लिक स्कूल , तृतीय अमन गोल्डन पब्लिक स्कूल । महाविद्यालय वर्ग प्रथम किरण राजकीय महिला महाविद्यालय ,द्वितीय महकप्रीत कौर गुरुनानक खालसा कॉलेज , तृतीय लवली कुमारी विद्यावती डी ए वी महाविद्यालय ।

# शिव पुराण का पाठ फलदायी: रसिक बिहारी

- सग्गा में चल रही शिव महापुराण कथा में बोले कथाव्यास रसिक बिहारी जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जो व्यक्ति शिवपुराण को पढ़ता है उससे भोग और मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है।अगर किसी व्यक्ति से अनजाने या जान-बूझकर कोई पाप हो जाए तो अगर वो शिवपुराण को पढ़ने लगता है तो उसका घोर से घोर

पाप से छुटकारा मिल जाता है। शिवपुराण वाले को उनके मृत्यु के बाद शिव के गण लेने आते हैं। सावन में शिव पुराण का पाठ करने से उसका फल बहुत ही सुखदायी होता है। यह अमृत रूपी विचार वृंदावन धाम के कथा व्यास रसिक बिहारी जी महाराज ने गांव सग्गा में चल रही शिव महापुराण कथा में व्यक्त किए। स्वामी जी ने कहा कि आदमी का मन एवं बुद्धि अत्यंत चंचल है। शिव महापुराण कथा आदमी के जीवन से चंचलता को समाप्त कर देती है। कथा के मध्य में स्वामी जी ने भजनों का गुणगान कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा समिति के सदस्य संजीव राणा ने बताया कि कथा में समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कथा के समापन पर भंडारा लगाया जाएगा।

### महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रागिनी कंपीटीशन कराया

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में महारागनी कंपीटीशन का आयोजन रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम में पैप्सी शर्मा एंड पार्टी ने रागिनी की देशी अदायगी से श्रोताओं और दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी टीम में शामिल प्रवेश शर्मा, राधा चौधरी, मुस्कान बेबी व शिवानी सिकंदराबाद ने भी रागिनी की बखूबी प्रस्तुति दी। ग्रामीण अंचल से आए किसानों और अन्य लोगों ने कलाकारों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। सभा के प्रधान रमेश जिंदल व अन्य पदाधिकारियों ने पैप्सी शर्मा और उनकी टीम को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि 26 फरवरी को शहर में हर वर्ष की भांति शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामलीला मैदान से सुबह 10 बजे यात्रा शुरू होगी। भव्य और विशाल शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र होगी। इस अवसर पर प्रधान रमेश जिंदल, महासचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, वरिष्ठ उपप्रधान राजन गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष संजय गोयल, उपप्रधान प्रभात गुप्ता, महाप्रबंधक चंदन गर्ग, प्रबंधक विनोद भाटिया आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### आगंनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन ने प्रदर्शन किया

**करनाल।** आगंनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन ने पोषण ट्रैकर में फोटो कैप्चर के विरोध में व हैल्परो वर्करो की प्रमोशन तथा अन्य लम्बित मांगों को लेकर फव्वारा पार्क से जिला सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। सीडीपीओ राजबाला मोर को महिला एवं बाल विकास मत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। फव्वारा पार्क में जिला प्रधान रूपा राणा की अध्यक्षता में सभा की गई। संचालन जिला सचिव बिजनेश राणा ने किया। जिला प्रधान रूपा राणा, जिला सचिव बिजनेश राणा, सर्वेश राणा, सीटू जिला सचिव जगपाल राणा, सीटू जिला कैशियर ओ.पी माटा ने कहा कि नई पोषण ट्रैकर एप में वर्कर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर लाभार्थियो के पास छोटे फोन हैं ओर अनपढ भी है। सभी मजदूर सुबह ही दिहाडी करने चले जाते हैं और कुछ लाभार्थी बोलते हैं हम ओटीपी नहीं देते, क्योकि ओटीपी को लेकर आए दिन बैंकों मे फराड होते हो इसलिए इस एप को बन्द किया जाए।

### तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसो. ने की बैठक

तरावड़ी। तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई। तरावड़ी मंडी प्रधान का 2 वर्ष का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा होने जा रहा है। इस बैठक में मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता ने अपने 2 वर्ष के कार्यकाल में मंडी में किए गए विकास कार्यों की चर्चा की और एसोसिएशन का 2 वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करके अपने प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया। इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि मंडी प्रधान सर्वसम्मति से बनाया जाए लेकिन इतने नाम आने से सर्वसम्मति नहीं बन सकती। इस अवसर पर मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता, जीवी राइस मिल के प्रमोद बंसल, राघव इंडस्ट्री के राकेश गर्ग, नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, रामपाल लाठर आदि मौजूद रहे।

### जिला महासचिव बने जितेन्द्र राणा व संरक्षक पुष्पाल

**करनाल।** स्थानीय रोड धर्मशाला में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला ) की बैठक जिला करनाल के प्रधान डॉ. रमेश कुमार भूरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा में उपस्थित सभी साथियों ने विचार विमर्श किया और हसला की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिला प्रधान रमेश भूरा ने बताया कि सर्वसम्मति से पुष्पाल कांबोज को संरक्षक और जितेन्द्र राणा को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। रूपचंद, सुधीर शर्मा, शिव कुमार, देवरत त्यागी व कुलदीप काजल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वजीर सिंह, रमन दीप, ईशा राणा, रणधीर सिंह, सुशील कुमार, प्रवीण चौधरी, नरेश कुमार, गुरदीप सिंह व प्रवीण को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा लिशमा रानी, अरुण मित्तल, बलबीर सोढ़ी, नमिता शर्मा, गीता नरवाल, सुरेन्द्र कुमार को सचिव, नंद किशोर, देवेन्द्र कौर, हरमन प्रीत, अमनदीप तुर, सतीश खुंडिया, राकेश चहल, डॉ. सुरेन्द्र रंगा व नवीन सैनी को सह सचिव, सतीश टाया, डोली, पंकज शर्मा, विक्रम हांडा, सुरेश कुमार, राजबीर शर्मा को संगठन सचिव नियुक्त किया गया

**कार्यक्रम** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में वार्षिकोत्सव और प्रदर्शनी का आयोजन

# ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर के छात्रों ने किया प्रतिभा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में वार्षिकोत्सव सह विषयवार प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि भगवान दास क़बीरपंथी विधायक नीलोखेड़ी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय चेयरमैन श्री ओ .पी. शर्मा जी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

मुख्यातिथि कबीरपंथी ने कहा कि इस भव्य कार्यक्रम को देखकर मैं अभीभूत हूं ।

तरावड़ी। विधायक कार्यक्रम मे बच्चों के स्टाल पर अवलोकन करते हुये व स्कूल मे कार्यक्रम स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये।

मैं बचपन की स्मृतियों में लौट चुका हूं। मैंने भी अपने छात्र जीवन में अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया है । मुझे जब कोई मेडल मिलता था, तो मुझे भी बहुत खुश होती थी। वार्षिकोत्सव में गणित,विज्ञान सामाजिक विज्ञान, कला व हिंदी , संस्कृत, अंग्रेजी आदि भाषाओं की विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसमें विषय वार मॉडल बनाए गए थे। भौतिकी में ए.आई. रनिंग कार, जीव विज्ञान में ब्लड ग्रुप जांच, डी.एन.ए डिस्प्ले , डायलिसिस ,रसायन विज्ञान में एसिड रेन, वॉटर प्यूरीफायर, मैजिक शो, चंद्रयान, थर्मल पावर स्टेशन, सामाजिक विज्ञान में साबरमती आश्रम, नया संसद भवन आदि के मॉडल प्रस्तुत किए गए।

### प्रतिवेदन किया प्रस्तुत

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि , विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य ,समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थिति थीं । विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### ऑटो में सवार महिला के जेवर व नगदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड पर ऑटो रिक्शा में सवार निर्मला देवी निवासी राधा स्वामी कॉलोनी, कैथल की सोने की चेन और 2200 रुपये की नकदी ऑटो रिक्शा में ही सवार दो अन्य महिलाओं ने चोरी कर ली। वहीं सिटी थाना पुलिस ने निर्मला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने बांध निवासी युवक से ऑनलाइन ट्रेडिंग में पैसे डबल करने का झांसा देकर लाखों की रुपये की ठगी करने वाले आरोपी खेमचंद निवासी भागुडी सोलन हिमाचल प्रदेश हाल सेक्टर 45 बी चंडीगढ़ को गिरफ्तार किया है। थाना साबइर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, इस मामले में थाना साइबर क्राइम में भजनलाल पुत्र सूरत सिंह निवासी गांव बांध जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने पर्ची व नकदी सहित दो सट्टेबाज पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने जमील पुत्र हमीदुर रहमान निवासी मोहब्बतपुर उत्तर दीनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल निवासी कृष्णा गार्डन कॉलोनी, पानीपत और थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने खटीक बस्ती निवासी मंगत पुत्र ताराचंद को सट्टेबाजी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मौके पर सट्टे के नंबरों की पर्ची व दाव पर लगी 2400 रुपये की नगदी बरामद कर दोनों पर केस दर्ज किए।

### शराब पीकर हुड़दंग करते दो गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग करने के आरोप में रविंद्र पुत्र किशनचंद निवासी तहसील कैंप व अर्जुन पुत्र ओमकार निवासी वधावाराम कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों पर थाना सेक्टर 13/17 में केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने वाहनों के चालान किए

समालखा। समालखा में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों के वाहनों के चालान किए गए। वहीं, हाईवे पुलिस व सिटी ट्रैफिक पुलिस ने तीन बुलेट पटाखा बाइक व बगैर साइलेंसर बाइक व कमर्शियल ट्रैक्टर का करीब 90 हजार का चालान करके इंपाउंड कर दिया। इसके अलावा करीब 42 अन्य वाहनों के चालान किए।

### 560 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी

**पानीपत।** आरोही मांडल सीनियर सेकेंड्री स्कूल में छठी, नौवी व ग्याहवीं कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। वहीं, खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए 600 छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। जिनमें से लगभग 560 छात्रों ने परीक्षा दी।

### स्टेट लेवल स्पर्धा में आईबी कॉलेज के छात्र छाए

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने डॉ.सुनीता ढांडा व डॉ.सीमा के निर्देशन में टीकाराम कन्या महाविद्यालय में आयोजित स्टेट लेवल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान राणा ने रंगोली में प्रथम, छात्र सौरभ ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### निःशुल्क मेडिकल कैंप में आंखें जांची

**पानीपत।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साला शहीदी दिवस को समर्पित निःशुल्क आंख जांच कैंप गुरुद्वारा श्री गुरु नानक निवास गांव बिचपड़ी में श्री गुरु तेग बहादुर सेवा दल के सहयोग से डॉक्टर प्रेम हॉस्पिटल बडौली के सौजन्य से लगाया गया। मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और जरूरतमंद रोगियों को फ्री में दवाइयां वितरित की गई। इकबाल सिंह, बलजीत सिंह, सिद्कप्रीत सिंह, गुरलाल सिंह, महेंद्र अरोड़ा, गुलजीत सिंह, प्रितपाल सिंह व प्रभजोत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ने प्रगतिशील किसानों की प्रदर्शनी देखी, उत्पादों की जानकारी भी ली

# सरकार खेत से लेकर बाजार तक किसानों के साथ : महिपाल ढांडा

- किसानों से ड्रोन के बारे उसकी ट्रेनिंग के बारे में ,एक अन्य किसान से भी गुड व खुंभी के उत्पादन के बारे मे भी जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र गांव उझा में कृषि एवं किसान किसान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के कल्याण को लेकर कटिबद्ध है। सरकार खेत से लेकर बाजार तक किसानों के साथ है। वो किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित है। उनका समाधान करके उन्हे खुशहाल बना रही है। उन्होंने केंद्र में किसानों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया व प्रगतिशील किसानों के उत्पादों की जानकारी ली व उनके सामने कृषि संबंधी आ रही समस्याओं को भी जाना। उन्होंने किसानों से ड्रोन के बारे उसकी ट्रेनिंग के बारे में ,एक अन्य किसान से भी गुड व खुंभी के उत्पादन के बारे मे भी जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने प्रगति शील किसानों कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान नीरज, बलबीर सिंह जयपाल, कविता व निशी को सम्मानित भी किया। इस मौके पर केंद्र में मौजूद किसानों, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का भागलपुर से किसान सम्मान कार्यक्रम का वर्चुअल लाइव संदेश सुना व तालियां बजाकर स्वागत किया। इस मौके पर एडीसी डॉ. पंकज, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीडीए कृषि डॉक्टर आत्माराम गोदारा, सीडीओ देवेंद्र कुहाड़, डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ. राधे श्याम गुप्ता, नवीन, डॉ सतपाल, एडीओ सेवा सिंह, डॉ. अरविंद, डॉ. सुनील सांगवान, डॉ. प्रताप के अलावा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही।

पानीपत। श्री सोमनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व बनाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

## श्री सोमनाथ धाम आश्रम में मनाया शिवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव निंबरी स्थित श्री सोमनाथ धाम आश्रम में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें राधा कृष्ण पार्टी के कलाकारों ने शिव और पार्वती का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुत किया तथा उन्होंने शंकर और पार्वती के भजनों पर नृत्य करते हुए सबको नाचने पर मजबूर किया। वहीं विश्व जागृती मिशन मंडल की महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन भी किया गया। आश्रम के पंडित देव शरण शर्मा ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव शंकर भोले बाबा के नाम से भी जाने जाते हैं। वह अपने भक्तों पर हमेशा परोपकार करते हैं। उन्हें कालों के काल महाकाल भी कहा जाता है। बाबा भोलेनाथ अपने भक्तों पर हमेशा अपनी कृपा बनाए रखते हैं। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को सोमनाथ धाम आश्रम में प्रातः 8 से 10 बजे तक भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल के प्रधान डा. जगजीत आहूजा, रामनारायण रावल, पुरुषोत्तम शर्मा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, सुभाष सोनी, गणेश ठाकुर, रमेश ढींगरा, संजय तनेजा और मंजू रावल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पाइट संस्कृति स्कूल के चेतना वार्षिक खेल उत्सव में छात्रों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत। चेतना स्कूलों के विजेता विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में चेतना वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें चेतना परिवार के विभिन्न केन्द्रों से 1000 बच्चों ने हिस्सा लिया। रोटरी पानीपत सेंट्रल के सदस्यों ने भी भाग लिया और बच्चों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रीता कालड़ा जो आने वाले वर्ष में डिस्ट्रिक्ट 3080 की गवर्नर होगीं चंडीगढ़ से बच्चों के बीच आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने की। चेतना परिवार की प्रबंध न्यासी निर्मल दत्त ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। वहीं रामेश्वर दास ने चेतना परिवार की वार्षिक रिपोर्ट सभी के समक्ष प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ.रीता कालरा ने चेतना वार्षिक पुस्तिका का विमोचन किया। चेतना की धुरी कमला आर्य की जीवनी पर आधारित पुस्तिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर चेतना मंच के संयोजक दीपचंद निर्मोही, प्रबंध नियासी निर्मल दत्त, अजय गर्ग, रामेश्वर दास, डा.एपी जैन, रोटरी पानीपत सेंट्रल के सचिव गुलशन नारंग, प्रोजेक्ट चेयरमैन नीरज राय, इंद्रजीत गेरा, धीरज मलिक, राकेश तायल, पूरण रावल, ज्ञान अरोड़ा, श्रीभगवान, नरेश चोपड़ा, विभास कैला, सुमित मित्तल, जसबीर कपूर, आरएस सोमरा आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

## वृंदावन ट्रस्ट ने श्याम बाबा को प्रथम निमंत्रण दिया

### दो मार्च को चुलकाना धाम की पदयात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

पानीपत। बाबा श्याम को पद यात्रा का प्रथम निमंत्रण देते हुए वृंदावन ट्रस्ट के पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

वृंदावन ट्रस्ट द्वारा दो मार्च के तड़के चार बजे बजे गोहाना मोड़ सुविधा शोरूम के सामने से चुलकाना धाम के लिए पदयात्रा निकला जा रही है। जिसको लेकर ट्रस्ट की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सोमवार को चुलकाना धाम पहुंचकर यात्रा का प्रथम निमंत्रण श्री श्याम बाबा के चरणों में अर्पित किया। वृंदावन ट्रस्ट के सरंक्षक विकास गोयल और चुलकाना मंदिर सेवा समिति के प्रधान रोशन लाल ने बताया कि जैसे ही वीर बर्बरीक इस चुलकाना धाम की पावन धरती पर पहुंचें, तभी भगवान श्री कृष्ण अर्जुन के साथ ब्राह्मण वेश में इस तपोभूमि पर पहुंचे और अपनी लीला शुरू की बर्बरीक को रोकने के लिये श्याम, धाम, दंड, भेद सारी नीतियां अपनाई। ट्रस्ट के सचिव हरिश बंसल ने बताया कि चुलकाना धाम की इस पावन पवित्र भूमि पर यी लीला हुई थी। प्रधान राकेश बंसल ने बताया कि फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की द्वादशी को अपना शीश उतार कर भगवान के श्री चरणों में सौंप दिया था। जहां दिया था शीश का दान वो भूमि है चुलकाना धाम। यहां से श्री श्याम फाल्गुन मेले की शुरुआत हुई। भगवान श्री कृष्ण के वरदान फलस्वरूप चुलकाना धाम में ठाकुर श्री श्याम बाबा मन्दिर की स्थापना हुई। पहले यहां भक्तों की भीड़ हजारों में होती थी आज हर महीने लाखों में होती हैं आने वाले समय में करोड़ों में होगी।

## देश को आर्थिक मजबूती देगा मोदी सरकार का बजट : डॉ. अरोड़ा

- एसडी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा बजट विकसित भारत एक परिचर्चा का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत। एसडी कॉलेज में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आर्थिक विशेषज्ञ।

एसडी कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित बजट 2025- विकसित भारतः एक परिचर्चा में बीकॉम, बीबीए और एमकॉम के विद्यार्थियों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार-विमर्श किया। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बजट की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराना, सरकार की वित्तीय नीतियों का विश्लेषण करना और भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनके प्रभावों का मूल्यांकन करना था। छात्रों ने न केवल बजट की घोषणाओं को समझा, बल्कि इसके विभिन्न प्रावधानों के सामाजिक और आर्थिक दायरे पर भी विचार किया। प्राचार्य, डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बजट की व्यापक महत्ता, वर्तमान आर्थिक परिप्रेक्ष्य और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप्स, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों के लिए अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं, जो देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे। प्रो. दीपिका अरोड़ा ने कराधान संरचना और नई व्यवस्था में इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और इसके लाभों और नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके बाद छात्रों ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर नीतियां, जीडीपी वृद्धि दर, राजकोषीय घाटा और वित्तीय स्थिरता के मुद्दों का गहन विश्लेषण शामिल था। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने बजट के संभावित प्रभावों पर भी विचार विमर्श किया, जैसे मध्यम वर्ग पर टैक्स स्लैब में बदलाव, व्यापारिक समुदाय पर नीतिगत दबाव और उद्योगों में निवेश की संभावनाए। वहीं, यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ।

## सड़कों पर गूंजे 'बोल बम, बम-बम' के जयकारे

- मेरे भोले की बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने भी की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

महाशिवरात्रि से पूर्व धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की सड़कों पर बोल बम, बम-बम लहरी व भोलेनाथ पर आधारित भक्तिगीतों पर झूमते शिवभक्त भोले बाबा की बारात का हिस्सा बने। शिवरात्रि सेवा मंडल द्वारा शहरभर में निकाली गई मेरे भोले की बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया। धर्मनगरी की जिस भी गली, बाजार में ये बारात गुजरी, वहां-वहां शहरवासी और दुकानदार बारातियों का गर्मजोशी से स्वागत करते नजर आए। जगह-जगह भंडारे लगाए। दुःखभंजन मंदिर से नंदी पर सवार दूल्हे बने भोलेनाथ शिवशंकर रथ पर सवार होकर माता पर्वती का ब्याहने के लिए निकले तो श्री ब्राहमण एवं तीर्थोद्वार सभा के संरक्षक जयनारायण शर्मा, शिवरात्रि सेवा मंडल के सदस्यों मनोज परूथी, एम.के. मोदगिल, रोहित शर्मा, चंदन अरोड़ा, बृजेश किंगर व अन्य सदस्यों ने भगवान भोलनाथ की आरती की। मेरे भोले की बारात प्रातः लगभग 11 बजे दुःखभंजन मंदिर से आरंभ होकर गुरुद्वारा चौक, अंबेडकर चौंक, सीकरी चौंक, पुराना बाजार, सब्जी मंडी, रोटरी चौंक, पुराना बस स्टैंड, सेक्टर-17, रेलवे रोड, न्यू कालोनी, अमीन रोड से होती हुई राजेन्द्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया में पहुंची जहां बीते वर्षों की तरह भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ।

### कांग्रेस आज करेगी निकाय चुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम चुनाव में जहां भाजपा के मेयर व पार्षद पदों के प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार जोर शोर से शुरू कर दिया है सभी ने अपने चुनावी कार्यालय खोल दिए है। वहीं भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा तक नहीं की है। जबकि कांग्रेसी सूत्रों का दावा है कि कांग्रेस से पानीपत की मेयर प्रत्याशी सविता गर्ग के नाम पर मुहर लगी है। वहीं, पार्षद पदों के संभावित प्रत्याशियों को भी नामांकन के सभी दस्तावेज पूरे करने के लिए कांग्रेस हाईकमान की ओर से गुप्त अनुमति मिल गई है। सभी संभावित प्रत्याशियों अपने दस्तावेज पूरे करने में जुटे है। संभावना है कि मंगलवार की शाम तक कांग्रेस मेयर व पार्षद पदों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी।

### तीरंदाज प्रियांशु का एनटीपीसी में चयन

**पानीपत।** इंडस ग्लोबल स्कूल किनाना जींद में हुए अंडर 15 राज्य स्तरीय खेलों में प्रदेश भर के 120 विद्यालयों के 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खेलों में पानीपत के एनवी आर्चरी अकादमी के प्रियांशु का रहा दबदबा और प्रियांशु का चयन रास्ट्रीय खेलों में हुआ। ये खेल गुंटूर आंध्र प्रदेश में 20 मार्च से शुरू होगे। वहीं पानीपत के तीरंदाजी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने बताया कि हमारे जिले के तीरंदाज प्रियांशु का राज्य स्तर पर बहुत शानदार प्रदर्शन रहा और 14 वें एनटीपीसी खेतों में भी प्रियांशु अच्छा प्रदर्शन करेगा। वहीं प्रियांशु की माता कुसुम और पिता जसबीर सिंह ने कहा कि प्रियांशु देश के लिए इंटरनेशल गेम्स में मेडल जीत कर लाए।

### अधिकारी समाधान में आने वाली समस्याओं को पहले जांचे व फिर उनका समाधान करें

**पानीपत।** जिला सचिवालय में सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय सिंह ने कहा कि अधिकारी समाधान में आने वाली समस्याओं को पहले जांचे व फिर उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि वे शिविर में वे अपनी ताकत अपनी अनमोल शक्ति का जनता के हित में प्रयोग करें। शिविर में आने वाली समस्याओं का कम से कम समय में निदान करके जनता को शिविर का महत्व दिखाने का सार्थक प्रयास करें। निगम संयुक्त आयुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को निश्चित समय अवधि में समाधान करके लोगों की दुआएं ले।

### अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन बापौली ब्लॉक कमेटी के नेतृत्व में गोयला खेड़ा, गोयला कलां, डाढोला, रसलापुर और बापौली गांवों के मजदूरों ने बीडीपीओ दफ्तर बापौली में धरना प्रदर्शन करते हुए रोजगार कार्ड बनाने एवं रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। धरने की अध्यक्षता यूनियन बापौली ब्लॉक अध्यक्ष रोहताश ने की। इस अवसर पर ओमपाल, उपाध्यक्ष अंग्रेज सिंह, किसान सभा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम रावल, रणधीर रसलापुर, विनोद वर्मा, फरजाना, दर्शना, अफसाना, सरिता, शीला, बलबीर, सुनील पत्थरगढ़, हरपाल, अलीजान व साबीर आदि मौजूद रहे।

### अंजना प्रीतम गुर्जर के चुनावी कार्यालय का आज उद्घाटन किया

**पानीपत।** वार्ड 11 से भाजपा पार्षद पद की प्रत्याशी अंजना प्रीतम गुर्जर के चुनावी कार्यालय का आज उद्घाटन किया गया। अंजना प्रीतम गुर्जर के कार्यालय का शुभारंभ विधायक प्रमोद विज,पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व मेयर अवनीत कौर, मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी, चुनाव संयोजक वेद पराशर द्वारा विधिवत रूप से रिबन काटकर किया गया। वहीं यहां पहुंचने पर सभी नेताओं का प्रत्याशी पति प्रीतम गुर्जर व उनके समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा की वार्ड 2 से प्रत्याशी काजल शर्मा के पति अनिल शर्मा भी मौजूद रहे।

## आईबी कॉलेज में भारत निर्माता विषय पर कार्यक्रम आयोजित

# अतुलनीय भारत के निर्माता थे डॉ. भीमराव अंबेडकर : डॉ लाल

- जीवन भर शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत। आईबी कॉलेज में शिक्षाविद् डॉ. रामजी लाल को स्मृति चिंह भेंट करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक।

आईबी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर– अतुलनीय भारत निर्माता विषय पर मुख्य वक्ता डॉ. रामजी लाल, पूर्व प्राचार्य, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल ने व्यख्यान दिया। वहीं, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने अपने संबोधन में कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल भारत के संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, शिक्षाविद् और महान चिंतक भी थे। उन्होंने जीवन भर शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। उनकी विचारधारा केवल संविधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक विकसित, सशक्त और समानता पर आधारित समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन भी करती है। डॉ. रामजी लाल ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण, भाषा, आरक्षण, नायक पूजा और राष्ट्र-निर्माण में आम आदमी का योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के यौद्ध और भारत में लोकतंत्र को मजबूती देने वाले महान विचारक थे। उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में अंबेडकर के विचारों को समझना और अपनाना पहले से भी अधिक आवश्यक हो गया है। आज के युवा अगर उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो एक प्रगतिशील और न्यायसंगत समाज का निर्माण संभव है। कॉलेज में ऐसे व्याख्यान आयोजित करना न केवल छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह उन्हें अपने सामाजिक दायित्वों को समझने की दिशा में भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान ने करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में अनेक संघर्षों का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी अपने मूल्यों और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार मानते थे और हमेशा समाज के वंचित वर्गों को शिक्षित करने के लिए प्रयासरत रहे। आज हमारे समाज में समानता, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की जो चर्चा होती है, वह अंबेडकर के विचारों से ही प्रेरित है। हमें न केवल उनके विचारों को समझने की आवश्यकता है, बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारने का भी संकल्प लेना चाहिए।

### महाशिवरात्रि पर्व मनाया

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन टीडीआई सिटी सेक्टर 23 हुडा स्थित क्लब हाउस में किया गया। कार्यक्रम आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्तिभाव और ज्ञानयुक्त प्रवचनों से परिपूर्ण रहा। राजयोगिनी बीके सरला बहन इंचार्ज पानीपत सबजोन ने आशीर्वचन प्रदान किए और बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व आत्मा की जागृति का प्रतीक है। राजयोगिनी बीके सुनीता संचालिका, हुडा सेवा केंद्र, बीके सारिका संचालिका टीडीआई सेवा केंद्र आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, प्रमोद पुत्र श्री बलबीर निवासी मकान नं. 697, उझा रोड, नलवा कालोनी पानीपत जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**बराड़ा।** रिटर्निंग अधिकारी अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में नगर पालिका चुनाव को लेकर अधिकारियों व सैक्टर ऑफिसर की बैठक ली। रिटर्निंग अधिकारी अमित भारद्वाज ने सेक्टर ऑफिसर को कहा कि नगरपालिका में 16 वार्ड बने हैं। इन वार्डों में 20 मतदान केंद्र हैं। 2 मार्च को इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं जांचने के आदेश दिए।

### गंभीरता से करें शिकायतों का हल

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर मे अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले हर प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से लें। तत्परता से उनका समाधान करें। नगराधीश सोमवार को डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। शिविर में बैठे विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।गर्ग ने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### आज सुनी जाएगी बिजली की शिकायतें

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर कें अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे।अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि इस दौरान बिजली संबंधित समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाएगा।

### कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सोमवार काके भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में चित्रा सरवारा समर्थक गुरपाल माजरा तथा विधानसभा सभा चुनाव निर्दलीय लड़ने वाले प्रत्याशी धर्मेश सूद ने भाजपा का दामन थामा। इसके अलावा वार्ड नंबर 10 से भी चित्रा सरवारा कई समर्थक भाजपा में शामिल हुए।

### महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर व्याख्यान

**अंबाला।** अंबाला शहर स्थित डीएवी कॉलेज (लाहौर) में सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर एक व्याख्यान का आयोजन इतिहास विभाग की ओर से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के उप- प्राचार्य डॉ. आरएस परमार मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। डॉ. परमार ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन और डीएवी संस्थानों के उदय के बारे में विचार रखे। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला एवं साथ ही 19 वीं सदी में भारतीय पुनर्जागरण में स्वामी दयानंद सरस्वती के अमूल्य योगदान का विस्तार से वर्णन किया।

## प्रचार के अंतिम दौर में भाजपा-कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की जीत में लगा रही जोर

# सियासी जंग हुई रोचक,सांसद का तंज, हार के बावजूद पूर्व मंत्री लगवा रहे उद्घाटन बोर्ड

**पूर्व मंत्री का जवाब, तुम ऐतराज जताते रह जाओगे, हम आगे भी लगवाएंगे उद्घाटन पत्थर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम के मेयर उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा में मुकाबला रोचक हो गया। दोनों दलों के नेता प्रचा के दौरान एक दूसरे पर खूब सियासी तीर चला रहे हैं। उ्घाटन पत्थरों को लेकर अब अंबाला लोकसभा के सांसद वरुण चौधरी ने भाजपा के पूर्व मंत्री असीम गोयल पर निशाना साधा है।

असीम ने भी सांसद को करारा जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के बयान खूब वायरल हो रहे हैं। चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में शहरी क्षेत्र में सियासी पारा मतदाताओं पर चढ़ने लगा है। अंबाला शहर नगर निगम से कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमीषा चावला के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे सांसद वरूण चौधरी ने सोमवार को एक नुक्कड़ सभा में कहा कि पूर्व मंत्री असीम हमारे से साथ विधानसभा में रहे और मंत्री भी बने। उन्होंने पूर्व मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि अब हालात ऐसे बन गए हैं कि पूर्व विधायक अपने नाम के बोर्ड लगवा रहे हैं। जबकि अंबाला शहर के जनप्रतिनिध यानि विधायक कांग्रेस के चौधरी निर्मल सिंह हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कोई बताए कि कहीं पूर्व विधायक अपने नाम के पत्थर लगवा रहा हो। जनता का अशीर्वाद तो चौधरी निर्मल सिंह को मिला है। मगर अभी तक पूर्व मंत्री इसको नहीं मान रहे। उनकी हार के कोई कारण रहे होंगे। वहां सुधार की आवश्यकता है।

पूर्व मंत्री असीम गोयल। सांसद वरूण चौधरी।

### सांसद ने कोई काम नहीं किया

सांसद वरुण के तंज पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भी प्रचार के दौरान जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सांसद ने अपने कार्यकाल में कोई काम नहीं किया। सरकार लोगों के आशीर्वाद से हमारी है। हमें पता है किस प्रकार से विकास करना है। आप एतराज ही करते रहोगा और हम आगे उद्घाटन भी करेंगे। शहर का विकास भी करवाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी बात उन तक चली गई। पहले न तो एमपी दिखा और न ही एमएलए दिखा। अमीषा चावला को तो मेरा धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि उनके चुनाव में ही वह नहीं दिख रहे थे। लोगों को तो क्या ही दिखते। पहली बार इनके एमपी एमएलए ने इनके प्रत्याशी के लिए प्रचार किया है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस खुद सिकुड़ती जा रही है। वरुण अपने संगठन की चिंता करें अंबाला की चिंता हम कर लेंगे।

### मतदाताओं की संख्या केवल 6 हजार बढ़ी

*अंबाला शहर नगर निगम में पिछले चार साल में मतदाताओं की संख्या में महज छह हजार का ही इजाफा हुआ है। प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक नगर निगम में मतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 93 हजार 260 है। इसमें से 1 लाख 418 पुरुष मतदाता जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 92 हजार 823 है। जबकि ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 19 है। चार वर्ष पूर्व दिसंबर 2020 में जब अंबाला नगर निगम के आम चुनाव कराये गए थे तब यहांमतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 87 हजार 131 थी। उसमें 97 हजार 739 पुरुष मतदाता जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 89 हजार 385 थी। तब 1 लाख 5 हजार मतदाताओ ने मतदान किया था। इस तरह चार वर्षों में अंबाला नगर निगम में मतदाताओ की संख्या केवल 6 हजार 129 ही बढ़ी है। हालांकि इसके विपरीत सोनीपत नगर निगम में भी मेयर का उपचुनाव हो रहा है। वहां चार वर्षों में करीब 44 हजार मतदाता बढ़े हैं। अब मतदाताओं की ताजा संख्या चुनाव आयोग की बेवसाइट पर अपलोड़ करने की मांग की गई है।*

प्रत्याशियों के प्रचार करते परिवहन मंत्री अनिल विज।

## छावनी नप चुनाव में प्रधान और 32 पार्षद भाजपा के होंगे: परिवहन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में जीत के लिए अब परिवहन मंत्री अनिल विज भी खूब पसीना बहा रहे हैं। अध्यक्ष पद समेत सभी 32 सदस्य उम्मीदवारों की जीत के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सोमवार का प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। अंबाला छावनी की जनता ने मुझे विधायक चुना गया है। अंबाला छावनी नगर परिषद चुनाव में प्रधान और 32 पार्षद भाजपा के होंगे तो ऊपर से नीचे तक योजनाओं का जो करंट है वह ठीक प्रकार से आएगा। यदि बीच में एक भी बैड कंडक्टर लग गया तो करंट नहीं आएगा और एक लट्टू भी नहीं चलेगा। विज ने कहा कि आगामी दो मार्च को नगर परिषद चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें आपने अपना कीमती वोट डालकर यह फैसला करना है कि आपकी प्रधान और वार्ड से पार्षद कौन हो। हमने भाजपा के सभी 32 वार्डों से उम्मीदवार और स्वर्ण कौर को प्रधान पद के लिए खड़ा किया है। हमारा एक उम्मीदवार निर्विरोध चुनकर पार्षद बन गया है। हमारा खाता खुल गया व पार्टी का श्रीगणेश हो गया है। नगर परिषद में एक प्रधान और 32 पार्षदों की जरूरत है। उन्होंने कहा जिस प्रकार साइकिल के पहिए में लगभग 33 तारें लगी होती है, यदि एक तरह की सभी तारें होंगी तो साइकिल खूब चलेगी मगर कोई तार गलत लग गई तो साइकिल डूब जाएगी और कदम-कदम पर उसमें लंगर पड़ जाएगा।

# शिव शंकर डमरू वाले तुमको लाखों प्रणाम...

- गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा प्राचीन जट्टांवाला शिव मंदिर में /"एक शाम-भोलेनाथ के नाम/" भजन संध्या आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा नावल्टी चौक स्थित प्राचीन जट्टां वाला शिव मंदिर में सांय भजन संध्या /"एक शाम-भोलेनाथ के नाम/" आयोजित की गई। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि समूह के म्यूज़िकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के 10 गायकों ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान शिव के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के पुजारी पंडित राकेश सेमवाल ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम,अजीत कुमार शर्मा व सुरेंद्र धीमान सहित मंदिर कमेटी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से शिवपूजन संपन्न करवाया। तत्पश्चात सर्व धर्म समाज कल्याण सोसाइटी के चेयरमैन राजेंद्र कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित किया जबकि भगवान परशुराम गौशाला खतौली के प्रधान देवीराम शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इसके पश्चात गुरु,गणेश व सरस्वती वंदना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र सिंगर पंडित संयोगानंद ने /"शिव तांडवस्त्रोतम/" .. व /"शंकर संकट हारना/"..,विकास शर्मा ने /"हे भोले शंकर पधारो/"...,मास्टर अंशुल ने शिव विवाह /"शिवजी ब्याहने चले पालकी सजाइके भभूति रमाइके/"...,मनोज वशिष्ठ ने /"मस्त मलंग शिव भोला/"...,अरुण शर्मा पुखराज ने /"शिव शंकर को जिसने पूजा/"...,सुभाष चंद्र वर्मा ने /"जय भोले नाथ जय हो प्रभु/"...,अविनाश शर्मा ने /"भोले ओ भोले/"...,स्नेहलता ने /"शिव शंकर डमरू वाले तुमको लाखों प्रणाम/"...,नेहा अरोड़ा ने /"मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा/"...और भूमिका ने /"आओ महिमा गाएं भोलेनाथ के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन भी किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ.संजय गौतम ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात भगवान शिव को मिष्ठान और फलों का भोग लगाया गया। पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा। मंदिर कमेटी द्वारा मुख्य यजमान और पदाधिकारियों को भगवान शिव का स्वरूप भेंट किया गया। शिव आरती में जोगेंद्रपाल कौशल,कुलभूषण राणा,तरसेमपाल शर्मा,सुरेश शर्मा, निखिल गौतम,हर्षुल शर्मा,पंकज शर्मा,मयंक शर्मा,मधु शर्मा आदि रहे।

**अंबाला।** स्मृति चिह्न देकर मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

# स्वर्ण आश्रम में दूसरे चरण का निर्माण कार्य पूरा सात लाख की लागत से कमरा बनकर तैयार

- आश्रम में धन्यवाद अरदास का कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दुर्गानगर शिवपुरी स्थित स्वर्ण आश्रम में दूसरे चरण का कार्य पूरा होने के बाद सोमवार को 'धन्यवाद अरदास' संपन्न की गई। प्रधान नीरू वढेरा ने बताया कि यहां पर 13 अप्रैल 2024 को अलग-अलग तीन चरणों में कार्य प्रारंभ किया गया था। पहले चरण में लगभग 5 लाख रूपये की लागत से चौकीदार का बड़ा कमरा, रसोई व संस्कार के उपरान्त फूल रखने के कमरे का निर्माण पूरा हुआ था। साथ ही दूसरे चरण का कार्य आरम्भ कर दिया गया था। संस्कार की लक्कड़ रखने के लिए एक बड़े हाल का निर्माण करना था जिसे तकरीबन 7 लाख रूपये की लागत से पूरा करना था। ज्ञात रहे कि यह 40 साल पुराना टीन से बना शैड था जोकि जर्जर हो चुका था। अब इस कार्य को पूरा करके आज जनहित को समर्पित किया गया। इलाके की जनता तथा दानी सज्जनों के सहयोग से स्वर्ग आश्रम में एक के बाद एक कार्य संपन्न किया जा रहा है। वढेरा पिछले 15 वर्षों से निरन्तर स्वर्ग आश्रम में प्रधान के तौर पर शानदार तरीके से सेवा निभा रहे हैं। अब तीसरे चरण में एक अन्य 30-40 वर्ष पुराने टीन शैड की जगह नया बड़ा हाल भी जल्द शुरू किया जाएगा। वढेरा ने दानी सज्जनों तथा अपनी टीम का पूर्ण सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष बॉबी मेहंदीरत्ता, हन्नी , सिकंदर कुमार आदि रहे।

धन्यवाद अरदास के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

# नौरंगराय तालाब की सफाई का काम प्रारंभ, साफ की जा रही हवन सामग्री

- घग्गर नदी में सामग्री को बहाने की योजना, निगम की ओर से वाहन उपलब्ध करवाने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक्का सोशल वेलफेयर फांउडेशन की ओर से नौरंगराय तालाब की सफाई का कार्य शुरू किया गया। यह मुहिम 2 मार्च 2025 तक चलाई जाएगी। इस मुहिम में संगठन के द्वारा लगभग 30-35 कट्टों में यहां पड़ी हवन सामग्री को इक्ट्ठा किया गया। ज्वाइंट कमिश्नर के निर्देश पर कार्यकारी अभियंता-2 से संपर्क साध कर यह निवेदन किया गया कि जो साम्रगी नौरंगराय तालाब से एकत्रित की गई है उसे घग्घर नदी में जल प्रवाह करवाने के लिए हमें वाहन उपलब्ध करवाया जाए। पूर्व में भी 30-35 कट्टों में हवन सामग्री को भर कर जल प्रवाह किया गया है। इस मौके पर वार्ड नंबर 10 के निगम सदस्य मिथुन वर्मा भी मौजूद रहे।

नौरंगराय तालाब के पास फैसल हवन सामग्री इकट्ठा करते हुए संस्था के सदस्य।

# शहीदी स्मारक के उद्घाटन की तिथि तय

- सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने किया मुआयना, 10 मई को हो सकता है स्मारक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को अंबाला दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 22 एकड़ में बनाए जा रहें 1857 आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने निर्माण कार्यों को लेकर एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ भी मीटिंग की। उन्हें कहा कि 10 मई 2025 को शहीदी स्मारक के उद्घाटन की अनुमानित तारीख को ध्यान में रखते हुए सिविल वर्क, आर्ट एवं एक्सीबीट व अन्य कार्यों को जल्द पूरा करें। इस मौके पर उनके साथ सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग, उपायुक्त अजय सिंह तोमर व शहीदी स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी मौजूद रहे। आयुक्त ने बैठक के दौरान एजेंडे में रखे सभी बिदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कहा कि शहीदी स्मारक मे किए जा रहे कार्यों के लिए रिवर्स चार्ट तैयार करें ताकि कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि शहीदी स्मारक के अन्दर 1857 की क्रांति से जुड़ी घटनाओं को भी शार्ट फिल्मों में भी दर्शाया जाएगा। इसके लिए एजेंसी के प्रतिनिधि 15 मार्च तक कम से कम 25 फिल्मों के रफ कट दिखाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि म्यूजियम के अंदर 1857 की क्रांति से जुड़ी जो पैनल लगाए जाने हैं।

### दो महीने में पूरा करना होगा काम

**अंबाला।** 12वीं मंजिल से शहीदी स्मारक का अवलोकन करते आयुक्त एवं सचिव डॉ .अमित अग्रवाल व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## बीसीए की छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शन में तृतीय स्थान हासिल किया

**अंबाला।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीसीए की कशिश व कनिका ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरा स्थान हासिल किया। महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत सिंह ने कंप्यूटर साइंस विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ. आशीष जॉली व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पूनम धीमान को बधाई दी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ देसराज बाजवा जी ने ट्रॉफी देकर छात्राओं को सम्मानित किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों का टॉपिक नेक्स्ट जैन फार्मिंग रहा जिसमें विजेताओं ने आईओटी व ए आई बेस्ड प्रदर्शनी प्रस्तुत की ।मौके पर प्रो अशोक, कर्मजीत,मनीषा , डिम्पल व शक्ति मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** अनपूर्णा कैंटीन में बने खाने को खुद चखकर परखी गुणवत्ता

# डीसी ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

- मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली, चिकित्सकों को जरूरी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अंबाला शहर स्थित नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने जन औषधि केंद्र में जाकर दवाईयों की उपलब्धता के बारे में भी जाना। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने उपायुक्त को बताया कि नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की ओपीडी 2000 से 2500 के बीच में है। यहां पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्हें सभी व्यवस्थाएं बेहतर मिली है। यहां पर 200 बैड का अस्पताल है। दवाईयां भी पर्याप्त मात्रा में हैं। डॉक्टर की संख्या भी पर्याप्त हैं। मरीजों को और बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए यही पर नजदीक 100 बैड का नया अस्पताल बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी वर्ष इस अस्पताल को ऑपे्रशनल करके मरीजों को यह सुविधा भी मिल सकेंगी। उन्होंने अन्नपूर्णा कैंटीन में मरीजों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा। इस मौके पर पीएमओ पूनम चौधरी, डॉ. पवनीश अग्रवाल, डॉ. राहुल सिंह, डॉ विपिन भंडारी, डॉ. विजय वर्मा, आरएमओ डॉ. अदिति के साथ-साथ अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

**अंबाला।** अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

### स्टेडियम का भी किया मुआयना

*उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अंबाला शहर सेक्टर 10 स्थित खेल स्टेडियम का भी मुआयना किया। उन्होंने यहां पर खिलाडियों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं सुविधाओं की भी जानकारी ली। मौके पर उनके साथ डीएसओ राजबीर मौजूद रहे। उपायुक्त ने निर्माणाधीन स्वीमिंग पूल का भी जायजा लिया। बैडमिंटन हॉल में जाकर खिलाडियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। जांच के दौरान डीसी ने अधिकारियों को यहां स्वीमिंग पूल का निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर करवाने के आदेश दिए।*